# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–09.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल, जिला प्रशासन ने तैयारियां की पूरी, डोरंडा क्षेत्र वीआईपी जोन घोषित।**
2. **रांची से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कल से दो श्रावण स्पेशल ट्रेनें चलेंगी, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ की पहल पर रेल मंत्रालय ने ट्रेनों के परिचालन की दी स्वीकृति।**
3. **केंद्र की नीतियों के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने आज किया भारत बंद का आह्वान, मजदूर–किसान और सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल को सीपीआई समेत कई दलों का समर्थन।**
4. **मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में जताई भारी बारिश की संभावना, गुमला, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में किया येलो अलर्ट जारी।**
5. **15वीं सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप के छठे दिन कल झारखंड और हरियाणा का मुकाबला 1–1 की बराबरी पर हुआ समाप्त।**

*****************************

रांची में कल पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय परिषद की 27वीं बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मंत्री और अधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान झारखंड सरकार केंद्र पर लंबित करीब 7,000 करोड़ रुपये की राशि के भुगतान की मांग उठा सकती है, जिसमें जल जीवन मिशन, पेंशन मद और कोल कंपनियों से बकाया राशि शामिल है। बैठक में नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष सहायता और एसईआर फंड को पुनः शुरू करने की मांग पर भी चर्चा होगी। जिला प्रशासन ने बैठक की तैयारी पूरी कर ली है और डोरंडा क्षेत्र को वीआईपी जोन घोषित किया गया है। बैठक के लिए गृह मंत्री आज शाम रांची पहुंचेंगे।

*****************************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रेल मंत्रालय ने रांची से बाबा बैद्यनाथ धाम तक दो श्रावण स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की स्वीकृति दी है। ये दोनों ट्रेनें कल से रांची से चलेंगी, जिनमें एक का मार्ग मुरी–बोकारो और दूसरी का मार्ग हजारीबाग–कोडरमा होते हुए होगा। ट्रेनों का परिचालन कल से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। संजय सेठ ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की संवेदनशीलता का प्रतीक बताया और आभार व्यक्त किया। इन ट्रेनों से झारखंड के कई जिलों के श्रद्धालुओं को देवघर यात्रा में सुविधा मिलेगी।

*****************************

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आज भारत बंद का आह्वान किया है। रांची स्थित सीपीआई कार्यालय में कल आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने बताया कि मजदूर, किसान और जनविरोधी नीतियों के विरोध में देशभर के सरकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इस बंद को सीपीआई, माले, मार्क्सवादी, फॉरवर्ड ब्लॉक, झामुमो, राजद और कांग्रेस का समर्थन मिला है।

*****************************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जे.जे.एम.पी. के पूर्व एरिया कमांडर प्रवीण एक्का

समेत दो उग्रवादियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मां ने बताया कि डुमरी थाना क्षेत्र के तांती जंगल में इनकी मौजूदगी की सूचना पर विशेष छापामारी दल का गठन कर इन्हें पकड़ा गया। इनके पास से एक पिस्टल, एक सिक्सर, एक मैगजीन, पांच जिंदा गोली और दो मोबाइल जब्त किए गए।

******************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से कल आदिवासी हो समाज युवा महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने रांची में मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2025 में क्षेत्रीय भाषा सूची में 'हो' भाषा को शामिल करने की मांग की। मौके पर मधु कोड़ा ने 12 जिलों में हो–भाषा को मान्यता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

******************************

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार पर सड़को की बदहाली को लेकर तीखा हमला बोला। जमशेदपुर में एक निजी समारोह के दौरान स्थानीय अधिकारियों से तत्काल सड़क का निरीक्षण कर मरम्मत कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने भोगनाडीह की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीतिक दुर्भावना से ऐसे कार्य हो रहे हैं, जो नहीं होने चाहिए।

******************************

चतरा जिला में केंद्र के प्रयासों से विकास योजनाओं की गति और खेल के क्षेत्र में नई गति मिल रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

******************************

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगाई जाएगी।
- 12वीं कक्षा के छात्रों ने नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों से स्कूलों में स्थानांतरण का विरोध करते हुए अपनी पढ़ाई वर्तमान कॉलेज में ही पूरी करवाने की मांग की।

******************************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही गुमला, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात के साथ भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

******************************

15वीं सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के छठे दिन कल रांची में खेले गए मुकाबलों में ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और दादरा एवं नगर हवेली की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। झारखंड और हरियाणा का मुकाबला 1–1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

******************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आज रांची आने और कल पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है शाह आज रांची में , कल क्षेत्रीय परिषद की बैठक।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – कृषि पर संकट, राज्य में अब तक 14 जिलों में भारी, तो पांच में कम बारिश, दोनों जगह खेती प्रभावित, हल तलाशने में जुटा कृषि विभाग।

**दैनिक भास्कर** के शब्द है रांची सदर अस्पताल बनेगा रेडियोलॉजी हब, ऑनलाइन मिलेगी सेवा।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है रांची से सुल्तानगंज होते हुए चलेगी दो जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन।

*************समाप्त********************